अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**07 SEP. 2023**

USEFUL FOR

**IAS | PCS**

**& other civil services exams**




**Sunil Lawania**

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza, Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

## 1. आर. रवि कन्नन को मिला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023




- हाल ही में असम के कछार कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (CCHRC) के निदेशक, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट पद्मश्री डॉ. आर. रवि कन्नन को वर्ष 2023 का प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार जन-केंद्रित तथा गरीबों के कल्याण (देखभाल करने वालों के लिये निशुल्क उपचार, भोजन, आवास तथा रोज़गार की सुविधा) हेतु कार्यक्रमों के माध्यम से असम में कैंसर के उपचार में क्रांति लाने हेतु प्रदान किया गया।
- **रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से संबंधित मुख्य तथ्य:**



- इसे वर्ष 1957 में एशिया के सर्वोच्च सम्मान तथा प्रमुख पुरस्कार के रूप में स्थापित किया गया।
- यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जो अपनी पृष्ठभूमि की परवाह किये बिना एशिया के लोगों की सेवा में असाधारण भावना प्रदर्शित करते हैं।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष 31 अगस्त को प्रदान किया जाता है जो कि फिलीपींस गणराज्य के तीसरे राष्ट्रपति, रेमन मैग्सेसे के जन्मदिन को चिह्नित करता है, जिन्होंने इस पुरस्कार की स्थापना में प्रेरणास्त्रोत की भूमिका निभाई थी।
- यह पुरस्कार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एशिया के नोबेल पुरस्कार के समकक्ष माना जाता है।

## 2. न्यूजीलैंड संकटग्रस्त 'काकापो' की जीन मैपिंग की गई



- हाल ही में न्यूजीलैंड संकटग्रस्त 'काकापो' की जीन मैपिंग की गई
- भारतीय जैव विविधता के संदर्भ में 'काकापो' की IUCN स्थिति क्रिटिकली इंडेंजर्ड है
- इस कदम से न्यूजीलैंड के दुर्लभ रात्रि तोते को जीवित रहने में मदद मिलेगी
- 'काकापो' असामान्य तोता है, जो केवल एओटेरोआ न्यूजीलैंड में पाया जाता है
- यह एक बड़ा और रात्रिचर तोता है, जिसका चेहरा पीला उल्लू जैसा होता है
- यह पक्षी फंगल संक्रमण एस्परगिलोसिस जैसी बीमारियों से पीड़ित है

## 3. WHO ने पारंपरिक चिकित्सा पर 'गुजरात घोषणा पत्र' किया जारी



- विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने "गुजरात घोषणा" के रूप में पहले डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन 2023 का परिणाम दस्तावेज जारी किया है।
- इस घोषणा में स्वदेशी ज्ञान, जैव विविधता और पारंपरिक, पूरक और एकीकृत चिकित्सा के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धताओं की पुष्टि की गई।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ)**
- यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
- स्थापना - 7 अप्रैल, 1948
- "विश्व स्वास्थ्य दिवस" - 7 अप्रैल
- मुख्यालय - जिनेवा, स्विट्जरलैंड
- महानिदेशक - इथियोपिया के टेड्रोस एडनोम घेब्रेयेसस

**4. भारत सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) को डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान किया**




- हाल ही में, भारत सरकार ने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) को डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी का दर्जा प्रदान किया
- बता यह कि NCERT भारत सरकार द्वारा 1961 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है
- यह स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नीतियों और कार्यक्रमों पर केंद्र और राज्य सरकारों की सहायता और सलाह देता है|
- केंद्रीय शिक्षा मंत्री इसकी आम सभा के अध्यक्ष (पदेन) होते हैं|

**5. सत्यजीत मजूमदार 'डॉ वीजी पटेल मेमोरियल अवार्ड 2023' के लिए हुए नामित**



- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (TISS), मुंबई के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड लेबर स्टडीज के डीन, प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार को उद्यमिता को बढ़ावा देने और मजबूत करने में उनके काम के लिए 'एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनर, एजुकेटर और मेंटर के लिए 'डॉ वी जी पटेल मेमोरियल अवार्ड-2023' के लिए नामित किया गया है।
- भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद द्वारा नामित जूरी द्वारा 26 राज्यों के 400 आवेदकों के बीच मजूमदार का नाम चुना गया था।

**6. केरल में ओणम उत्सव के समापन के दौरान कलाकारों ने पुलिक्कली कला का प्रदर्शन किया**



- हाल ही में केरल में ओणम उत्सव के समापन के दौरान कलाकारों ने पुलिक्कली कला का प्रदर्शन किया
- बता दें कि 'पुलिक्कली' (टाइगर नृत्य) केरल के लोक कला रूपों में से एक है
- इस कला रूप में ओणम के चौथे दिन कलाकार अपने शरीर को पीले, लाल और काले रंग की धारियों से बाघ की तरह रंगते हैं और थाकिल, उडुक्कू एवं चेंडा जैसे पारंपरिक ताल वाद्ययंत्रों की लय पर नृत्य करते हैं

**7. रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने 10 बार इटालियन ग्रां प्री जीतने का बनाया विश्व रिकॉर्ड**



- नीदरलैंड के मैक्स वेरस्टैपेन ने इटली के मोंज़ा में इटालियन ग्रांड प्रिक्स में जीत के साथ इतिहास की किताबों में प्रवेश किया - एक रिकॉर्ड तोड़ लगातार 10वीं जीत, जिसने रेड बुल ड्राइवर को सफलता के एक दुर्लभ स्तर पर पहुंचा दिया, जो 1950 में चैंपियनशिप शुरू होने के बाद से फॉर्मूला वन में किसी भी ड्राइवर द्वारा कभी हासिल नहीं किया गया था।
- अपनी लगातार 10वीं जीत के साथ उन्होंने सेबेस्टियन वेट्टेल के 2013 से लगातार नौ जीत के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

**8. कॉग्निजेंट इंडिया के एमडी राजेश नांबियार बने नैसकॉम के चेयरपर्सन**



- ● भारतीय आईटी और तकनीकी व्यापार निकाय नैसकॉम ने कॉग्निजेंट इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजेश नांबियार को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।
- नांबियार व्यापार मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के पूर्व अध्यक्ष अनंत माहेश्वरी का स्थान ले रहे हैं।
- नांबियार, अध्यक्ष देबजानी घोष के साथ, वर्तमान अस्थिर मैक्रो वातावरण को नेविगेट करते हुए वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करने के लिए नैसकॉम कार्यकारी परिषद, उद्योग और सरकार के साथ काम करना जारी रखेंगे।
- **NASSCOM के बारे में**
- NASSCOM संस्थापक: नंदन नीलेकणी, देवांग मेहता;
- NASSCOM की स्थापना: 1 मार्च 1988;
- NASSCOM मुख्यालय: नोएडा, उत्तर प्रदेश, भारत और नई दिल्ली।

**9. श्याम सुंदर गुप्ता ने मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में पदभार ग्रहण किया**



- श्याम सुंदर गुप्ता ने पुणे में मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक (Principal Chief Operations Manager) का पदभार संभाला है.
- उन्होंने श्री मुकुल जैन का स्थान लिया है, जो 31 अगस्त, 2023 को रिटायर हुए थे.
- इससे पहले उन्होंने उत्तर रेलवे के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सिस्टम) के रूप में कार्य किया है.
- वह भारतीय रेलवे यातायात सेवा के 1992 बैच के अधिकारी हैं.

**10. भारत ने इस बार अपनी अध्यक्षता के तहत 9 गैर G20 देशों को आमंत्रित किया**




- हर वर्ष G20 शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के अलावा गैर G20 देशों को भी आमंत्रित किया जाता है.
- भारत ने इस बार अपनी अध्यक्षता के तहत 9 गैर G20 देशों को आमंत्रित किया है जिनमें बांग्लादेश, मिस्र, यूएई, नीदरलैंड, मॉरीशस, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर और स्पेन शामिल है.
- भारत की G20 अध्यक्षता की थीम पीएम मोदी की विदेश नीति के प्रमुख टेम्पलेट - "वसुधैव कुटुंबकम" या "वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर" के अनुरूप है.
- 20 शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितम्बर को नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

**1. हाल ही में किसे रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2023 नामित किया है?**
(a) डॉ रवि कन्नन
(b) सत्यजीत मजूमदार
(c) शक्तिकांत दास
(d) इनमे से कोई नही

**2. भारतीय जैव विविधता के संदर्भ में 'काकापो' की IUCN स्थिति क्या है?**
(a) क्रिटिकली इंडेंजर्ड
(b) नियर थ्रेटेंड
(c) वल्नरेबल
(d) इंडेंजर्ड

**3. हाल ही में पारंपरिक चिकित्सा पर 'गुजरात घोषणा पत्र' किसने जारी किया है?**
(a) WHO
(b) WEF
(c) WTO
(d) WWF

**4. 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**
**1.** यह स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए नीतियों पर राज्य को सलाह देने के लिए स्थापित एक स्वायत्त संगठन है
**2.** केंद्रीय शिक्षा मंत्री इसकी आम सभा के अध्यक्ष (पदेन) होते हैं
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**5. हाल ही में भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने 'डॉ वीजी पटेल मेमोरियल अवार्ड 2023' के लिए किसे नामित किया है?**
(a) शांता थोटम
(b) शक्तिकांत दास
(c) सत्यजीत मजूमदार
(d) डॉ रवि कन्नन

**6. हाल ही में खबरों में देखी गई 'पुलिक्कली' लोक कला किस राज्य से संबंधित है?**
(a) कर्नाटक
(b) तमिलनाडु
(c) तेलंगाना
(d) केरल

**7. हाल ही में लगातार 10 बार इटालियन ग्रांड प्रिक्स जीतने का विश्व रिकॉर्ड किसने बनाया है?**
(a) सेबेस्टियन वेट्टेल
(b) मैक्स वेरस्टैपेन
(c) सर्जियो पेरेज़
(d) कार्लोस सैन्ज़

**8. हाल ही में नैसकॉम के चेयरपर्सन पद पर किसे नियुक्त किया गया है?**
(a) मनीष देसाई
(b) आर माधवन
(c) डॉ. वसुधा गुप्ता
(d) राजेश नांबियार

**9. मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में किसने पदभार ग्रहण किया है?**
(a) अजय शर्मा
(b) अभिषेक सिन्हा
(c) श्याम सुंदर गुप्ता
(d) राजेन्द्र अवस्थी

**10. भारत की अध्यक्षता में होने वाले G20 समिट में कितने देशों को 'गेस्ट कंट्री' के रूप में आमंत्रित किया गया है?**
(a) 7
(b) 8
(c) 9
(d) 10

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (a) | (a) | (c) | (c) | (d) | (b) | (d) | (c) | (c) |